सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन Annual Report

2011-2012



तटीय जलकृषि प्राधिकरण
COASTAL AQUACULTURE AUTHORITY

तटीय जलकृषि प्राधिकरण
Coastal Aquaculture Authority

सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन 2011 - 2012

तटीय जलकृषि प्राधिकरण

तटीय जलकृषि प्राधिकरण
COASTAL AQUACULTURE AUTHORITY

भारत सरकार, कृषि मंत्रालय
दूसरी मंजिल, शास्त्री भवन एनेक्सी
चैन्नै – 600006, तमिलनाडु
दूरभाषा : 91-44-28213785, 28216552
फैक्स : 044-28216552
ई–मेल : aquaauth@vsnl.net वेबसाइट : www.caa.gov.in

प्रकाशक
अध्यक्ष
तटीय जलकृषि प्राधिकरण

संकलन तथा संपादन
आर. पाल राज
भास्करण मणिमारन
एस. मणि
जी. डी. चन्द्रपाल
डी. विन्सेंट

मुद्रक
नागराज एंड कंपनी

Published by

Chairman
Coastal Aquaculture Authority

Compilation & Editing

R. Paul Raj
Baskaran Manimaran
S. Mani
G. D. Chandrapal
D. Vincent

Printed by

Nagaraj & Co Private Limited

विषय वस्तु

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	प्रस्तावना	v
I.	प्राधिकरण का संगठन, परिचालन लक्ष्य तथा उद्देश्य	
1.	2011–12 की अवधि के दौरान प्राधिकरण का संगठन	1
2.	प्राधिकरण के लक्ष्य तथा उद्देश्य	2
3.	प्राधिकरण की शक्तियां तथा कार्य	3
4.	एसपीएफ लिटोपिनस वेन्नामई पालन का भारत में विनियमन	5
II.	लक्ष्य तथा कार्य निष्पादन	
1.	वार्षिक लक्ष्य	6
2.	निष्पादन का संक्षिप्त समीक्षा	7
III. क.	क्रियाकलाप व उपलब्धियां	
1.	प्राधिकरण की बैठक	9
2.	झींगा फार्मों का पंजीकरण	12
3.	एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन	18
4.	जल गुणवत्ता मॉनिटरिंग प्रयोगशाला	32
5.	वेबसाइट को अद्यतन बनाया गया	32
6.	सीएए मुख्यालय के लिए भवन	32
7.	सीएए द्वारा हिन्दी सप्ताह मनाया जाना	33
8.	सीएए की बाहरी गतिविधियाँ	33
9.	भारत और विदोशों में सीएए सदस्यों/अधिकारियों द्वारा अन्य संगठनो द्वारा आयोजित बैठकों/ सेमिनारों/विचार गोष्ठियों में भागीदारी	39
III. ख.	वर्ष 2011–12 के दौरान किए जाने वाले कार्य	43
IV.	वित्त: वित्तीय वर्ष 2011–12 के दौरान वास्तविक वित्तीय परिणामों का सारांश	44
V.	प्राधिकरण का स्टॉफ तथा वर्तमान संगठनात्मक संरचना	45
VI.	सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम	46
	वर्ष 2011–2012 के लिए वार्षिक लेखें और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की अलग लेखा परीक्षा रिपोर्ट	
1.	तुलन पत्र	48
2.	आय एवं व्यय खाते	49
3.	प्राप्तियां और भुगतान खाते	50
4.	तुलन पत्र अनुसूची (1–11)	52
5.	आय एवं व्यय अनुसूची (12–23)	62
6.	लेखा नीति	69
7.	आकस्मिक देयता और लेखा टिप्पणियां	73
8.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की अलग लेखा परीक्षा रिपोर्ट	75

Sl. No.	Subject	Page No.
	Preface	83
I.	Composition, Operational Goals and Objectives of the Authority	85
	1. Composition of the Authority during 2011-12	85
	2. Aims & Objectives of the Authority	86
	3. Powers and Functions of the Authority	86
	4. Regulation of SPF *Litopenaeus vannamei* culture in India	89
II.	Targets and Performance	90
	1. Annual Targets	90
	2. Brief review of Actual performance	91
III.	A. Activities & Achievements	93
	1. Meetings of the Authority	93
	2. Registration of Shrimp Farms	96
	3. SPF *Litopenaeus vannamei* Farming	102
	4. Water Quality Monitoring Laboratory	116
	5. Website updation	116
	6. Building for the Headquarters of CAA	116
	7. Hindi Week observed by CAA	117
	8. Outreach Activities of CAA	117
	9. Participation of CAA members / officers in meetings / seminars / symposia organized by other organizations in India / abroad	123
III.	B. Activities likely to be taken up during 2012-13	127
IV.	Finance: Summary of Actual Financial results and Activities during the Financial Year 2011-12	128
V.	Staff and existing Organizational structure of the Authority	129
VI.	Right to Information Act	130
	Annexure: Annual Accounts and Separate Audit Report of the CAG for the year 2011-12	
	1. Balance Sheet	132
	2. Income & Expenditure Accounts	133
	3. Receipt & Payment Accounts	134
	4. Schedules of Balance Sheet (1 to 11)	136
	5. Schedules of Income & Expenditure (12-23)	146
	6. Accounting Policies	153
	7. Contingent Liabilities & Notes on Accounts	157
	8. Separate Audit Report of the CAG	159

डॉ. आर. पाल राज
सदस्य सचिव
Dr. R. Paul Raj
Member Secretary
दूरभाष / Phone : +91 44 2823 4683
फेक्स / Fax : +91 44 2821 6552, 2825 0956
ईमेल / e-mail : aquaauth@vsnl.net
वेबसाइट / Website : http://www.caa.gov.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
कृषि मत्रांलय
(पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग)
तटीय जलकृषि प्राधिकरण
Government of India
Ministry of Agriculture
(Department of Animal Husbandry, Dairying & Fisheries)
COASTAL AQUACULTURE AUTHORITY

Dated : 19 नवम्बर 2012

प्राक्कथन

तटीय जलकृषि प्राधिकरण(सीएए) ने, जिसे दिसम्बर, 2005 में गठित किया गया था, सफलतापूर्वक एक और वर्ष पूरा कर लिया है। 2011–12 के दौरान, सीएए अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समितियों (डीएलसी) और राज्य स्तरीय समितियों (एस एल सी) की सक्रिय भागीदारी के साथ केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित तटीय क्षेत्र में स्थित तटीय जलकृषि फार्मों का पंजीकरण सीएए ने जारी रखा।

प्राधिकरण ने तटीय क्षेत्र में जैव सुरक्षित हैचरियों एवं फार्मों में एसपीएफ लिटोपिनस वेन्नामई बीज उत्पादन और पालन के संवर्धन को भी जारी रखा। प्राधिकरण द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों के कारण, एल. वेन्नामई के एसपीएफ ब्रूडस्टाक के आयात के लिए अनुमति प्रदान किए गए हैचरियों की संख्या में 2009–10 मे 24 से वृद्धि होते हुए 2011–12 में 74 हो गई है। 54 हैचरियों द्वारा सितम्बर, 2009 से 31 मार्च, 2012 तक कुल 67,656 संख्या में एसपीएफ ब्रूडस्टाक आयात किए गए थे। किसी भी आयातित ब्रूडस्टाक में किसी प्रकार का ओआईई सूचीबद्ध पेथोजन नहीं पाए गए हैं जो इस बात का सूचक है कि भारतीय हैचरियों को लघुसूचीबद्ध आपूर्तिकर्ताओं द्वारा उच्च गुणवत्ता ब्रूडस्टाक की आपूर्ति की गई है।

इस क्षेत्र में आश्चर्यजनक वृद्धि दर्शाई है जिसमें औसत उत्पादकता 10 मी. टन प्रति हैक्टेयर प्रतिवर्ष के साथ 2010–11 के दौरान 18,247 मी. टन उत्पादन की तुलना में 2011–12 के दौरान 80,717 मीट्रिक टन एल. वेन्नामई उत्पादन हुआ है। सीएए द्वारा किए गए प्रयासों के कारण मुख्यत: यह सफलता प्राप्त हो सकी है जिसमें भारतीय हैचरियों को अंतर्राष्ट्रीय आपूतिकर्ताओं से उच्च गुणवत्ता एसपीएफ ब्रूडस्टाक की आपूर्ति सुनिश्चितत करने के साथ–साथ ब्रूडस्टाक संगरोध के आयात के लिए अधिसूचित दिशानिर्देशों का क्रियान्वयन, हैचरियों एवं फार्मों में जैव सुरक्षा उपाय और अच्छी जलकृषि प्रणाली पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है।

छोटे फार्म धारक किसानों की सुविधा के लिए, समूह पालन प्रणाली की शुरुआत की गई है जिससे वे कामन अपशिष्ट उपचार प्रणाली (ईटीएस) और जैव सुरक्षा सुविधाएं स्थापित करने में सक्षम हो सकें। एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए अनुमोदित कुल 5,922 हैक्टेयर फार्म क्षेत्र में से, 3,618 हैक्टेयर समूह फार्म हैं जो इस उद्यम में लघु स्तरीय क्षेत्र की रुचि को दर्शाता है।

हैचरियों एवं फार्मों का निरीक्षण और निगरानी भी आवधिक रूप से रखी गई है। सीएए द्वारा प्राधिकरण के अनुमोदन बिना एल. वेन्नामई बीज का उत्पादन कर रहे हैचरियों के विरुद्ध कार्रवाही करने के साथ–साथ प्रतिबंधित एंटिबायोटिक्स और अन्य फार्मोकालोजिकल पदार्थों का प्रयोग करने वाले हैचरियों एवं फार्मों के विरुद्ध भी कार्रवाही की गई है।

सीएए ने हैचरियों एवं फार्मों के पंजीकरण और सतत एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन पर राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय मात्स्यिकी अधिकारियों के लिए संवेदीकरण कार्यशालाएं, जागरूकता कार्यक्रम और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवधि के दौरान मात्स्यिकी कालेज और अनुसंधान संस्थान के साथ सीएए द्वारा आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से एक है: ज्वांइट इंस्टीटयूट फार फूड सैफ्टी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन (जेआईएफएसएएन), यूएसएफडीए और मेरीलैंड यूनिवर्सिटी, यूएसए की सहभागिता से 'अच्छी जलकृषि प्रणाली (जीएक्यूपी) प्रशिक्षु प्रशिक्षण पाठ्यक्रम' जिसमें 23 मात्स्यिकी और जलकृषि संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हुए 38 मात्स्यिकी अधिकारियों ने भाग लिया।

कृषि मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से निरन्तर सहयोग के साथ, प्राधिकरण देश में सतत तटीय जलकृषि के संवर्धन में और अधिक भूमिका अदा करने के लिए प्रयत्नशील होगा। प्राधिकरण संगठन के विभिन्न क्रियाकलापों में पूर्व अध्यक्ष डा. ए. के. राजन द्वारा प्रदान किए गए उपयोगी मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करता है।

आर. पालराज

(आर. पॉल राज)

सदस्य–सचिव

I. प्राधिकरण का संगठन, परिचालन लक्ष्य तथा उद्देश्य

तटीय जलकृषि प्राधिकरण अधिनियम, 2005 के तहत स्थापित तटीय जलकृषि प्राधिकरण दिसम्बर, 2005 में अपने प्रारंभ से ही देश के तटवर्ती क्षेत्रों (उच्च ज्वारभाटा सीमा से दो किलोमीटर के भीतर लवणीय तथा खारा जल जलकृषि) में तटीय जलकृषि से संबंधित समस्त गतिविधियों को विनियमित करने का कार्य कर रहा है ताकि तटीय वातावरण को बिना नुकसान पहुंचाए सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके।

1. 2011-12 की अवधि के दौरान प्राधिकरण का संगठन

(i) **डा. न्यायमूर्ती ए. के. राजन** … अध्यक्ष
मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश
(5.1.2012 तक)
(उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त / वर्तमान न्यायाधीश)

(ii) **डा. ए. जी. पोन्नय्या** … सदस्य
निदेशक, केन्द्रीय खारा जल जलकृषि संस्थान, चेन्नै
(तटीय जलकृषि के क्षेत्र के विशेषज्ञ)

(iii) **श्री पी. मदेश्वरन** … सदस्य
वैज्ञानिक 'एफ'
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार
(तटीय पारिस्थितिकी के क्षेत्र के विशेषज्ञ)

(iv) **डॉ. डी. डी. बसु** … सदस्य
वरिष्ठ वैज्ञानिक
केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
(पर्यावरण संरक्षण / प्रदूषण के क्षेत्र के विशेषज्ञ)

(v) **श्री तरुण श्रीधर, आई.ए.एस.** … सदस्य
संयुक्त सचिव (मात्स्यिकी)
पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग
(कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि)

(vi) **सुश्री लीना नायर, आई.ए.एस.** … सदस्य
अध्यक्ष, समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण
(वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि)

(vii) **श्री सत्यव्रत साहू, आई.ए.एस.** … सदस्य
आयुक्त एवं सचिव (मात्स्यिकी विभाग एवं पशु संसाधन विभाग)
उड़ीसा सरकार
(उड़ीसा राज्य के प्रतिनिधि)

(viii) **श्री पी. के. मोहन्ती, आई.ए.एस.** … सदस्य
अपर मुख्य सचिव (मात्स्यिकी)
श्री ज्योति लाल, आई.ए.एस./सुश्री इशिता रॉय, आई.ए.एस.,
डा. ए. जयतिलक, आई.ए.एस., सचिव (मात्स्यिकी),
केरल सरकार (केरल राज्य के प्रतिनिधि)

(ix) **श्री ए. एस. डागर, डीएएनआईसीएस.** … सदस्य
सचिव (मात्स्यिकी) कृषि, मात्स्यिकी, पशुपालन और पशुचिकित्सा सेवाएं
विभाग, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के सं.शा.क्षेत्र प्रशासन
(अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के सं.शा.क्षेत्र के प्रतिनिधि)

(x) **श्री पीतांबर एम. तंडेल** … सदस्य
कारवार, कर्नाटक (कर्नाटक राज्य के प्रतिनिधि)

(xi) **डा. आर. पाल राज** … सदस्य सचिव
(केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त सदस्य)

2. प्राधिकरण के लक्ष्य तथा उद्देश्य

प्राधिकरण के उद्देश्य केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित तटवर्ती क्षेत्रों में सभी तटीय जलकृषि गतिविधियों को तथा इससे संबंधित सभी मामलों को विनियमित करना है। प्राधिकरण को तटवर्ती क्षेत्रों में जलकृषि फार्मों के निर्माण और संचालन के लिए विनियम बनाने, फार्मों के पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन करने के लिए उनका निरीक्षण करने, जलकृषि फार्मों के पंजीकरण, प्रदूषण फैलाने वाले तटवर्ती जलकृषि फार्मों को हटाने अथवा नष्ट करने तथा तटीय जलकृषि में सभी तटीय जलकृषि आगतों जैसे बीज, बीज वृद्धि उपकरण तटीय जलकृषि में प्रयुक्त रसायन/दवाईयां इत्यादि के लिए मानकों को तय करने की शक्ति दी गई है।

3. प्राधिकरण की शक्तियां तथा कार्य

प्राधिकरण की शक्तियां तथा कार्य सीएए अधिनियम, 2005 के चौथे अध्याय तथा इसके तहत बनाए गए नियम एवं 2008 में अधिसूचित तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा बनाए गए विनियमों में विनिर्दिष्ट है। सीएए अन्य बातों के साथ–साथ तटीय जलकृषि क्षेत्र के सुव्यविस्थत तथा सतत विकास के लिए विनियम बनाता है ताकि इस गतिविधि में संलग्न विभिन्न अंशधारकों के सामाजिक–आर्थिक लाभ के लिए पर्यावरण अनुकूल तथा समाज स्वीकृत तटीय जलकृषि की ओर उन्मुख हुआ जा सके।

तटीय जलकृषि प्राधिकरण का प्रमुख दायित्व देश में सभी प्रकार के तटीय जलकृषि फार्मों का पंजीकरण सुनिश्चित करना है। यह एक सतत प्रक्रिया है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु, प्राधिकरण द्वारा उपाय आरंभ किए जा रहे हैं। तटीय क्षेत्रों में जलकृषि करने वाले सभी व्यक्तियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपने फार्म का तटीय जलकृषि प्राधिकरण में पंजीकरण कराएं। पंजीकरण पांच (5) वर्ष की अवधि के लिए किए जाते हैं जो आगे नवीनीकृत किए जा सकते हैं। भविष्य में तटीय जलकृषि गतिविधियों को ध्यान मे रखते हुए पंजीकरण प्रक्रिया को नए फार्मों के लिए तथा मरम्मत किए जाने वाले पुराने फार्मों के लिए जारी रखा जा सकता है।

तटीय विनियम जोन के भीतर हाई टाइड लाइन और खाड़ियों में, नदियों तथा पश्च जल से 200 मीटर के भीतर जलकृषि की अनुमति नहीं है। तथपि, यह शर्त तटीय जलकृषि प्राधिकरण अधिनियम, 2005 के विधिकरण से पहले स्थापित मौजूदा फार्मों तथा सरकार द्वारा अथवा सरकार के किसी भी अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित गैर वाणिज्यिक तथा प्रयोगात्मक जलकृषि फार्मों पर लागू नहीं है। यद्यपि ऐसे सभी फार्म तटीय जलकृषि प्राधिकरण के पास पंजीकृत होने चाहिए। ऐसे पंजीकरण के बिना किसी व्यक्ति द्वारा तटीय जलकृषि करने पर उसे कारावास का दंड जिसे तीन वर्ष की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है, या जुर्माना अदा करना पड़ेगा जिसे एक लाख रुंपए तक बढ़ाया जा सकता है या दोनों दंड भुगतने पड़ेगे। हालांकि मौजूद पारंपरिक जलकृषि फार्मों के लिए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है, पर ऐसे फार्मों को भी पंजीकृत किया जा रहा है चूंकि ऐसे फार्मों द्वारा अपने उत्पादों का निर्यात करने के लिए इसकी आवश्यकता होती है, जैसा कि दिनांक 28 अक्तूबर, 2009 के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की अधिसूचना के तहत संशोधित की गई ताजा, हिमित और प्रसंस्कृत मत्स्य एवं मात्स्यिकी उत्पाद गुणवत्ता नियंत्रण, निरीक्षण और मानिटरिंग) विनियमन, 1995 में परिकल्पित है।

तटीय जलकृषि प्राधिकरण की सभी मामलों में सहायता, विशेषत: तटीय जलकृषि फार्मों के पंजीकरण में, राज्य स्तरीय समितियों (एसएलसी) एवं जिला स्तरीय समितियों द्वारा की जाती है। 2 हैक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र वाले फार्मों के मामले में, डलएलसी, संतुष्ट होने पर, पंजीकरण हेतु विचार करने के लिए सीएए को सीधे आवेदनों की सिफारिश करेंगे; और 2 हैक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र से बड़े फार्मों के मामले में, डलएलसी मानकों के सत्यापन की पुष्टि करने के लिए फार्मों का निरीक्षण करेंगे और एसएलसी को आवेदनों की सिफारिश करेंगे, जो संतुष्ट होने पर, पंजीकरण के लिए सीएए को इनकी सिफारिश करेंगे।

सीएए के निम्नलिखित शक्ति एवं कार्य भी हैं :

- यह सुनिश्चित करना कि तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले तटवर्ती समुदाय की आजीविका को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कृषि भूमि, लवण पटल जमीन, कच्छीय वन, नम जमीन, वन भूमि, गांव की आम प्रयोजन की भूमि तथा सार्वजनिक प्रयोजन की भूमि और राष्ट्रीय उद्यानों तथा मृग वनों को जलकृषि फार्मों में परिवर्तित न किया जाए;
- समूचे तटीय क्षेत्र का सर्वेक्षण करना तथा पारिस्थितिकी अनुकूल विकास हासिल करने के लिए उचित नीति तैयार करने हेतु केन्द्रीय सरकार तथा राज्य/संघ क्षेत्र सरकारों को सलाह देना;
- सामान्य अवसंरचना लाइन, सामान्य जल अंतर्ग्रहण, निकासी नहर एवं सार्वजनिक बहिस्राव उपचार प्रणाली के निर्माण के लिए राज्य/संघ क्षेत्र सरकारों को सलाह एवं समर्थन देना;
- बीज, आहार, वृद्धि संवर्धकों तथा जल निकायों एवं पाले गए जीवों एवं अन्य जलजीव के रखरखाव के लिए प्रयुक्त रसायनों/दवाओं के लिए मानक निर्धारित करना;
- पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अध्ययनों/योजनाओं को आरंभ करना या अन्वेषणों को प्रायोजित करना और पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन;
- तटीय जलकृषि से संबंधित आंकड़ों एवं अन्य वैज्ञानिक तथा सामाजिक–आर्थिक सूचना एकत्रित एवं वितरित करना;
- तटीय जलकृषि के सतत विकास एवं तटीय जलकृषि के क्रियाकलापों से संबंधित सामग्री तैयार करना;
- तटीय संसाधनों की सतत उपयोगिता तथा न्याय संगत एवं उचित हिस्सेदारी के संबंध में प्रचार करना तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना;
- तकनीकी मैनुअल तैयार करने के लिए विभिन्न तकनीकी समितियां, उप–समितियां, कार्य दल आदि गठित करना;
- तटीय पर्यावरण पर होने वाले प्रभावों को कम से कम करने के लिए आवश्यक परिवर्तन लाने के लिए फार्म के मालिकों को निदेश देना;
- सततता को सुनिश्चित करने के लिए; या पर्यावरणीय चिरस्थाईता को बनाए रखने के हित में एवं तटीय पर्यावरण के हित में आजीविका के संरक्षण के लिए मौसमी बंदी का आदेश देना;
- किसी भी व्यक्ति द्वारा गलत सूचना देकर या पंजीकरण के प्रमाणपत्र में उल्लिखित शर्तों या उन नियमों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करके प्राप्त किए गए पंजीकरण को रद्द करना;
- तटीय जलकृषि से संबंधित मसलों को निपटाना जिनमें ऐसे मसले भी शामिल है जिन्हें केन्द्र सरकार को संदर्भित किया जाना है।
- समय–समय पर दिशानिर्देशों में संशोधन करने के लिए सरकार को उचित सिफारिशें देना।

4. एसपीएफ लिटोपिनस वेन्नामई पालन का भारत में विनियमन

पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने पशुधन आयात अधिनियम, 1898 के तहत जारी 15.10.2008 की अधिसूचना द्वारा तटीय जलकृषि प्राधिकरण को एसपीएफ एल. वेन्नामई के ब्रूड स्टॉक के आयात के लिए अनुमति देने के लिए प्राधिकृत किया है। राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, केन्द्रीय खाराजल जलकृषि संस्थान और समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के परामर्श से तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा ब्रूडस्टाक आपूर्तिकर्ता चुने जाते हैं। उक्त अधिसूचना में शामिल उक्त दिशानिर्देश में संगरोध के लिए जैव सुरक्षा अपेक्षाएं, आयात परमिट, प्रवेश के लिए बंदरगाह, पूर्व–सरहद संगरोध अपेक्षाएं, संगरोध अपेक्षाएं, संक्रमणमुक्त प्रक्रिया इत्यादि का विवरण दिया गया है।

तटीय जलकृषि (संशोधन) नियम, 2009 से एल. वेन्नामई की शुरुआत करने के लिए हैचरियों और फार्मों को विनियंत्रित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए थे। इन दिशानिर्देशों में वेन्नामई नस्ल के अनुप्रयोग के लिए मानक, तकनीकी आवश्यकताएं, एसपीएफ एल. वेन्नामई के उत्पादन और बिक्री के लिए प्रक्रिया शामिल है और फार्मों के अनुमोदन और प्रचालन के लिए मानक और विनियम विनिर्दिष्ट हैं ।

हैचरी संचालकों और झींगा कृषकों के सुचारू प्रचालन के लिए, भारत सरकार ने वयस्क ब्रूडस्टाक पालन के लिए एन.वेन्नामई के एसपीएफ बच्चों के आयात, अनुमति प्राप्त हैचरियों से नोपली की बिक्री, पर्याप्त सूखा काल के बाद एक प्रजाति से दूसरे प्रजाति में पालन को बदलने के लिए अनुमति प्रदान करते हुए मार्च, 2012 में अधिसूचना के तहत सीएए नियम, 2005 में और आगे संशोधन किया है। इस अधिसूचना से अप्राधिकृत बीज उत्पादन से निपटने की निरीक्षण प्रक्रिया और अप्राधिकृत स्टाक को नष्ट करने के जरिए एल. वेन्नामई पालन को भी सुदृढ़ किया गया।

तटीय जलकृषि प्राधिकरण एल. वेन्नामई पालन आरंभ करने के लिए हैचरियों एवं फार्मों को अनुमति प्रदान करने में और इस उद्यम के सतत विकास के लिए संपूर्ण प्रचालन के निरीक्षण और मानिटरिंग में सावधानीपूर्वक अनुपालन कर रहा है।

II. लक्ष्य तथा कार्य निष्पादन

1. वार्षिक लक्ष्य

- क्रियान्वयन के लिए निर्णय लेने हेतु प्राधिकरण की प्रत्येक दो महीनों में कम से कम एक बैठक आयोजित करना।
- तटीय जलकृषि फार्मों का पंजीकरण तथा उनका नवीनीकरण एक सतत प्रक्रिया है जिसका न तो लक्ष्य निर्धारित किया जा सकता है और न ही परिणाम बताया जा सकता है। जिला स्तरीय समितियों (डीएलसी) और राज्य स्तरीय समितियों (एसएलसी) से प्राप्त सिफारिशों के आधार पर अगले एक वर्ष के दौरान अतिरिक्त 3000 तटीय जलकृषि फार्मों को पंजीकृत किए जाने की संभावना है।
- वर्ष 2011–12 के लिए लगभग 2000 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को कवर करने के लिए एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन का विस्तार जिसमें एक वर्ष में लगभग 20,000 मी. टन प्रत्याशित अतिरिक्त उत्पादन किया जाएगा।
- तकनीकी समिति की बैठक में ब्रूडस्टाक आपूर्तिकर्ताओं की समीक्षा और चयन। यह चयन ब्रूडस्टाक आपूर्तिकर्ताओं की संख्या को बढ़ाने के लिए समीक्षा कार्यशालाओं की सिफारिशों के आधार पर किया जाए।
- ब्रूडस्टाक के आयात और एसपीएफ बीज के उत्पादन के लिए पर्याप्त जल सुरक्षा सुविधाओं के साथ उत्तरव्यापी हैचरियों के स्वामियों की सूची तैयार करने से पहले आवेदन आमंत्रित करने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी।
- बीज उत्पादन को बढ़ाने के लिए समीक्षा बैठकों की सिफारिशों के अनुसार तकनीकी समिति द्वारा एल. वेन्नामई के ब्रूडस्टाक की आवश्यकता हैचरी क्षमता और एल.वेन्नामई पालन के लिए पालन क्षेत्र का पता लगाया जाएगा।
- कृषकों से प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को प्रक्रम में लाना, जो पी.मोनोडान, एसपीएफ, एल. वेन्नामई या किसी अन्य प्रजाति को अपने फार्म में अपेक्षित और उपयुक्त जैव सुरक्षा सुविधा और अपशिष्ट उपचार प्रणाली सृजित करते हुए पालन करना चाहते हैं और तत्पश्चात पंजीकरण तथा/या अनुमति प्रमाणपत्र जारी करना।
- बीज उत्पादन और एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए प्राप्त आवेदनों की प्रक्रिया बिना किसी विलंब के आरंभ की जाएगी।
- इस प्रयोजन के लिए अन्य सुविधाओं के साथ–साथ जैव सुरक्षा अपेक्षाओं को सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण दल द्वारा हैचरियों और फार्मों का निरीक्षण किया जाएगा।
- निरीक्षण दल द्वारा सिफारिश किए गए आवेदनों पर मंजूरी प्रदान करने के लिए प्राधिकरण की अगली बैठक में ही तत्काल विचार करना।

- हैचरियों और फार्मों की निगरानी सावधिक रूप से करना; और अनुमोदन के शर्तों का उल्लंघन करने पर उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।
- संगरोध संबंधी क्रियाकलाप की समीक्षा के लिए तकनीकी समिति की बैठक सावधिक रूप से आयोजित की जाएगी।
- चेन्नई में तटीय जलकृषि प्राधिकरण के परिसर में स्थापित जल गुणवत्ता प्रयोगशाला में हैचरी ईटीएस से निकलने वाले अपशिष्ट जल की गुणवत्ता नमूना प्राप्त करना और परीक्षण।
- पालकों को हैचरियों के पंजीकरण, एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन और प्रतिबंधित दवाओं के मुद्दों और अन्य महत्वपूर्ण बातों के विषय में जागरूक बनाने के लिए तटवर्ती राज्यों में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- सतत कृषि प्रक्रियाओं को दर्शाते हुए तटीय जलकृषि से संबंधित कार्यशाला और प्रदर्शनियों में भाग लेना।
- पणधारियों को वितरित करने के लिए जलकृषि की अच्छी प्रणाली पर ब्रॉशसर/हैंडआउट तैयार करना।

2. निष्पादन की संक्षिप्त समीक्षा

- अप्रैल, 2011 और मार्च, 2012 के बीच एसएलसी/डीएलसी से प्राप्त 1,282 पंजीकरण के लिए आवेदन पत्रों पर अनुमोदित करने के लिए विचार किया गया। प्राधिकरण ने 1,243 आवेदनों को अनुमोदित किया और शेष को संशोधन के लिए वापस भेज दिया गया।
- सभी 1,243 पंजीकृत फार्मों को पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया गया।
- निरीक्षण दल की रिपोर्ट के आधार पर, तटीय जलकृषि प्राधिकरण के अनुमोदन से आपूर्तिकर्ताओं से एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टाक के आयात के लिए चालू वित्त वर्ष के दौरान 50 हैचरियों को अनुमति प्रदान की गई और पहले ही अनुमदित 24 हैचरियों का अनुमति नवीकरण कर दिया है ।
- एसपीएफ एल. वेन्नामई के पालन के लिए फार्मों से प्राप्त आवेदनों की जांच और निरीक्षण दल की रिपोर्ट के आधार पर 2,176 हैक्टेयर कुल क्षेत्र (1,504.88 हैक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र) युक्त 193 फार्मों को इस वर्ष एसपीएफ एल. वेन्नामई के पालन की अनुमति जारी की गई ।
- इस अवधि के दौरान अनुमोदित हैचरियों द्वारा लगभग 2,465.06 मिलियन पोस्ट लार्वा एसपीएफ एल. वेन्नामई का उत्पादन किया गया जिसकी आपूर्ति पंजीकृत झींगा किसानों को कर दी गई ।
- तकनीकी मूल्यांकन समिति 15 फरवरी, 2012 को मिले और उन हैचरी संचालकों के साथ ब्रूडस्टाक के वार्षिक आवश्यकताओं पर विशेष रूप से ब्रूडस्टाक आयात के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर आपसी संपर्क बनाया, जिन्हें एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टाक के आयात के लिए अनुमति प्राप्त थी।

- वर्ष 2011–12 के दौरान आयात के लिए सीएए द्वारा कुल 48,720 जोड़े ब्रूडस्टाक को अनुमोदित किया गया था।
- फार्मों के पंजीकरण, एसपीएफ एल. वेन्नामई फार्मों के निरीक्षण और निगरानी और जीएक्यूपी पर मौलिक आवश्यकताओं पर तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उड़ीसा, गुजरात, केरल और पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 112 अधिकारियों ने भाग लिया।
- सीएए ने 17 से 21 जनवरी, 2012 के दौरान तमिल नाडु पशुचकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (टीएएनयूवीएएस) में मत्स्यपालन कालेज एवं अनुसंधान संस्थान, थुथ्थुकुडी के साथ जाएंट इंस्टीट्यूट फार फूड सेफ् एवं एप्लाइड न्यूट्रीशन (जेआईएफएसएएन), यूएसएफडीए, युनिवर्सिटी आफ मेरीलैंड, यूएसए द्वारा आयोजित 'प्रशिक्षु प्रशिक्षण अच्छी जलकृषि प्रणाली' पाठ्यक्रम को प्रायोजित और समन्वित किया। 23 संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल 38 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।
- एल. वेन्नामई के गैर कानूनी रूप से बीज उत्पादन के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर एक निरीक्षण दल ने कुल 13 हैचरियों का निरीक्षण किया (आंध्र प्रदेश के नेल्लौर में तीन हैचरियों और तमिलनाडु के कांचीपुरम और विल्लूपुरम जिलों में दस हैचरियां)। इस दल ने चार हैचरियों में एल. वेन्नामई के ब्रडस्टाक और लार्वा पाने के बाद इन चार हैचरियों में तालाब में गैर कानूनी रूप से पालन किए गए ब्रूडस्टाक और लार्वा को नष्ट किया।

III.क. क्रियाकलाप व उपलब्धियां

1. प्राधिकरण की बैठक

चालू वर्ष अर्थात् अप्रैल, 2011–मार्च, 2012 के दौरान सीएए में अन्य बैठकों के अलावा 5 नियमित बैठकें की। बैठकों व उनमें लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का संक्षिप्त ब्यौरा सारणी–1 में दर्शाया गया है। पंजीकरण के लिए दिए गए आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के अलावा प्राधिकरण ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे हैचरियों की पंजीकरण प्रक्रिया की समीक्षा, प्रतिबंधित एंटिबायोटिक्स का प्रयोग करने वाले फार्मों एवं हैचरियों के विरुद्ध दण्डात्मक उपाय, गैर अनुमोदित एल. वेन्नामई उत्पादन करने वाले फार्मों और हैचरियों के विरुद्ध कार्रवाई, 5 हैक्टेयर क्षेत्र तक एसपीएफ एल. वेन्नामई फार्मों के निरीक्षण के लिए जिला स्तरीय दल (डीएलटी) का गठन करना, फार्मों के गंदे जल रिसाव की निगरानी आदि पर विचार–विमर्श किया।





प्राधिकरण की बैठक
प्रगति पर



तालिका 1: तटीय जलकृषि प्राधिकरण की बैठक (अप्रैल, 2011–मार्च, 2012)

बैठकें	तारीख एवं स्थान	बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय
बत्तीसवीं बैठक	28 अप्रैल, 2011 चेन्नई	• 298 झींगा फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदन प्रदान किया। • तकनीकी समिति की सिफारिशों के अनुसार 24 हैचरियों द्वारा एसपीएफ एल. वेन्नामई बीज उत्पादन के लिए ब्रूडस्टाक आयात की अनुमति की समीक्षा। • एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए 85 झींगा फार्मों को अनुमति प्रदान किया गया। • समुद्री और खाराजल फिनफिश हैचरी के पंजीकरण के लिए प्रारूप प्रपत्र को अनुमोदन, इसके अतिरिक्त, हैचरियों के निरीक्षण के लिए निरीक्षण दल गठित करने का निर्णय भी लिया गया। • फिनफिश हैचरियों के पंजीकरण के लिए ₹1,000/– रुपए का शुल्क निर्धारित करने का निर्णय। • एल. वेन्नामई बीजों के उत्पादन के लिए तीन अनुमोदित न किए गए हैचरियों को बंद करने का निर्णय लिया गया। • गैर कानूनी हैचरी बीज उत्पादन क्रियाकलापों को बंद करने के लिए सीएए की कार्रवाईयों के बारे में व्यापक प्रचार करने के साथ–साथ सीएए वेबसाईट में डालने का निर्णय। • प्रतिबंधित एंटिबायोटिक्स का प्रयोग करते हुए पाए गए (एपेडा द्वारा रिपोर्ट की गई) दस हैचरियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्णय। • एल. वेन्नामई पालन के लिए तटवर्ती राज्यों के फार्मों (5 हैक्टेयर डब्ल्यू एस ए के नीचे) का निरीक्षण करने के लिए जिला स्तरीय दल (डीएलटी) गठित करने का निर्णय।
तैतीसवीं बैठक	24 जून, 2011 चेन्नई	• 214 झींगा फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदन। • एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए 37 झींगा फार्मों को अनुमति प्रदान किया गया। • प्रतिबंधित एंटिबायोटिक्स (MPEDA द्वारा रिपोर्ट किए गए) का प्रयोग करने वाले पांच फार्मों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय।

बैठकें	तारीख एवं स्थान	बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय
चौतीसवीं बैठक	19 अगस्त, 2011 चेन्नई	• 367 झींगो फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदन प्रदान किया गया। • एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टाक के आयात और बीज उत्पादन के लिए 12 हैचरियों को अनुमोदन प्रदान किया गया। • एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए 37 झींगा फार्मों को अनुमति प्रदान किया गया। • एचटीएल से फार्मों के स्थान का पता लगाने के लिए तमिल नाडु के थुथ्थुकुडी जिले के ग्यारह फार्मों में निरीक्षण दल भेजने का निर्णय। • उन आठ हैचरियों को भविष्य में प्रतिबंधित एंटिबायोटिक्स का प्रयोग न करने की चेतावनी जारी करने का निर्णय जिन्होंने कारण बताओ नोटिस का उत्तर दिया है। इसके अतिरिक्त जिन हैचरियों ने कारण बताओं नोटिस का उत्तर नहीं दिया उन दो हैचरियों को बंद करने का भी निर्णय लिया गया। • आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और गुजरात में एसपीएफ एल. वेन्नामई फार्मों और हैचरियों में रोग निगरानी करने के लिए सीबा को प्राधिकृत करने का निर्णय।
पैंतीसवीं बैठक	10 अक्तूबर, 2011 पोर्ट ब्लेयर	• 89 झींगा फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदित किया गया। • एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टाक के आयात और बीज उत्पादन के लिए 2 हैचरियों को अनुमति प्रदान किया गया। • एसपीएफ एल. वेन्नामई के पालन के लिए 11 झींगा फार्मों को अनुमति प्रदान की गई। • एल. वेन्नामई ब्रूडस्टाक के आयात के लिए हैचरी को प्राधिकरण से अनुमोदन जारी होने के बाद, बैंक गारंटी प्रस्तुत करने के लिए 2 सप्ताह की समय सीमा अपनाए जाने का निर्णय और यदि इस अवधि में कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो अनुमोदन को रद्द माना जाए। • उन दो किसानों को चेतावनी पत्र जारी करने का निर्णय जिन्होंने एंटिबायोटिक्स के प्रयोग के लिए कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक उत्तर नहीं दिया था। प्रतिबंधित एंटिबायोटिक्स के प्रयोग के लिए कारण बताओ नोटिस पर उत्तर न देने वाले दो कृषकों को हैचरी बंद करने की नोटिस जारी करने का निर्णय।

बैठकें	तारीख एवं स्थान	बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय
छत्तीसवीं बैठक	3 जनवरी, 2012 चेन्नई	• 274 झींगा फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदित किया गया। • एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक के आयात और बीज उत्पादन के लिए 13 हैचरियों को अनुमति प्रदान की गई । • एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए 23 फार्मों को अनुमति प्रदान की गई । • एक प्रजाति से दूसरे में पालन को परिवर्तित करने के लिए नामत: एल. वेन्नामई से पी. मोनोडान और उलटा, दिशानिर्देशों में उपयुक्त संशोधन करने का निर्णय। • 17 से 21 जनवरी, 2012 के दौरान टीएएनयूवीएएस, चेन्नई में एफसी एंड आरआई, थुथ्यूकुडी और जेआईएफएसएएन, यूएसएफडीए, यूएसए के साथ आयोजित 'अच्छी जलकृषि प्रणालियों पर प्रशिक्षु प्रशिक्षण' पाठ्यक्रम को प्रायोजित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। • सीएजी के उत्तर में वर्ष 2010–11 के लिए प्राधिकरण के परीक्षित लेखा रिपोर्ट को अनुमोदित किया गया।

2. झींगा फार्मों का पंजीकरण


क. राज्य और जिला स्तरीय समितियों, जिन्हें इसी कार्य के लिए गठित किया गया है, उनकी सिफारिशों पर झींगा फार्मों का पंजीकरण कार्य सीएए द्वारा किया गया एक महत्वपूर्ण कार्य है।

ख. प्राधिकरण ने हर दो महीनों में एक बार नियमित रूप से हुई अपनी बैठक में झींगा फार्मों के पंजीकरण के लिए जिला स्तरीय समितियों और राज्य स्तरीय समितियों द्वारा सिफारिश किए गए आवेदनों पर विचार किया और मार्च, 2012 तक (सीएए के आरंभ होने से) झींगा पालन के पंजीकरण के लिए अनुमोदन प्रदान कर 24,283 प्रमाण पत्र जारी किए।


ग. सभी समुद्र तटीय राज्यों में प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण पत्रों की कुल संख्या को दर्शाने वाला विवरण सारणी–2 में दिया गया है और प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत क्षेत्रवार फार्मों को दर्शाने वाला चार्ट भी चित्र 1 और चित्र 2 में दिया गया है। सीएए ने झींगा फार्मों के पंजीकरण पर डाटाबेस को पूरा कर लिया है जो प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया गया है। पंजीकृत फार्मों का विवरण भी उपयोगकर्ताओं के लिए प्राधिकरण की वेबसाईट पर उपलब्ध करवाया गया है, जिसे समय–समय पर अद्यतन किया जाता है ।

तालिका 2: सीएए द्वारा 36वीं बैठक (दिसम्बर 2005 – मार्च 2012) तक जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण पत्रों का विवरण

क्र. सं.	राज्य का नाम	कुल क्षेत्र (हैक्टेयर)					
		0 - 2.00	2.01 - 5.00	5.01 - 10.00	10.01 - 40.00	40.00 से अधिक	कुल
1	पश्चिम बंगाल	1,333	163	6	0	0	**1,502**
2	उड़ीसा	3,849	371	27	10	0	**4,257**
3	आंध्र प्रदेश	13,922	995	104	48	9	**15,078**
4	तमिलनाडु	850	597	128	19	1	**1,595**
5	पुदुच्चेरी	5	1	0	0	0	**6**
6	केरल	450	97	13	2	0	**562**
7	कर्नाटक	253	36	2	2	0	**293**
8	गोवा	19	14	1	2	0	**36**
9	महाराष्ट्र	80	112	23	18	6	**239**
10	गुजरात	139	549	8	1	2	**699**
11	दमन एवं दीव	0	12	0	0	0	**12**
12	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	3	1	0	0	0	**4**
	कुल	**20,903**	**2,948**	**312**	**102**	**18**	**24,283**



चित्र 1 दिसम्बर 2005 – मार्च 2012 तक सभी तटीय राज्यों में फार्मों का पंजीकरण (क्षेत्रानुसार)




चित्र 2 दिसम्बर 2005 – मार्च 2012 तक सभी तटीय राज्यों में फार्मों का पंजीकरण (राज्यानुसार)

घ. रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान प्राधिकरण ने 1,243 आवेदनों पर विचार किया और अनुमोदन किया। प्राधिकरण की 27वीं बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, पंजीकरण प्रमाण पत्र किसानों को सीधे जारी किए गए थे और सुपुर्द न किए जाने के कारण वापस लौटे प्रमाण पत्रों को राज्यों के एसएलसी के सदस्य संयोजकों को भेज दिया गया था।


ङ. 12 समुद्र तटीय राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में अप्रैल, 2011 से मार्च, 2012 के दौरान प्राधिकरण में पंजीकृत फार्मों की कुल संख्या को दर्शाने वाला विवरण तालिका–3 में दिया गया है। 12 समुद्र तटीय राज्यों के प्राधिकरण के साथ पंजीकृत क्षेत्रवार फार्मों को दर्शाने वाली सूची आकृति में दर्शाया गया है। वर्ष 2011–12 के दौरान सभी तटीय राज्यों में फार्मों का पंजीकरण क्षेत्रानुसार चित्र 3 और राज्यानुसार चित्र 4 में दिया गया है। वर्ष 2011–12 के दौरान सीएए के पास पंजीकृत झींगा फार्मों का राज्यवार ब्यौरा आरेख 5 से 15 में दिया गया है।

तालिका 3 : अप्रैल 2011 – मार्च 2012 के दौरान प्राधिकरण द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र का ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य का नाम	कुल क्षेत्र (हैक्टेयर)					
		0 - 2.00	2.01 - 5.00	5.01 - 10.00	10.01 - 40.00	40.00 से अधिक	कुल
1	पश्चिम बंगाल	136	20	6	0	0	**162**
2	उड़ीसा	174	9	1	0	0	**184**
3	आंध्र प्रदेश	415	38	15	11	0	**479**
4	तमिलनाडु	48	28	21	4	0	**101**
5	पुदुच्चेरी	4	0	0	0	0	**4**
6	केरल	110	10	0	0	0	**120**
7	कर्नाटक	3	0	0	0	0	**3**
8	गोवा	0	2	0	1	0	**3**
9	महाराष्ट्र	6	0	0	0	0	**6**
10	गुजरात	5	166	6	1	1	**179**
11	दमन एवं दीव	0	0	0	0	0	**0**
12	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	2	0	0	0	0	**2**
	कुल	**903**	**273**	**49**	**17**	**1**	**1,243**




चित्र 3 वर्ष 2011–12 के दौरान सभी तटीय राज्यों में फार्मों का पंजीकरण (क्षेत्रानुसार)



चित्र 4 वर्ष 2011–12 के दौरान सभी तटीय राज्यों में फार्मों का पंजीकरण (राज्यानुसार)

वर्ष 2011–12 के दौरान सीएए के पास पंजीकृत झींगा फार्मों का राज्यवार ब्यौरा (आरेख 5 से 15)


पश्चिम बंगाल




कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	136
2.01 - 5.00	20
5.01 - 10.00	6
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0

उड़ीसा

कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	174
2.01 - 5.00	9
5.01 - 10.00	1
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0




आंध्र प्रदेश



कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	415
2.01 - 5.00	38
5.01 - 10.00	15
10.01 - 40.00	11
40.00 से अधिक	0


तमिलनाडु




कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	48
2.01 - 5.00	28
5.01 - 10.00	21
10.01 - 40.00	4
40.00 से अधिक	0

पुदुच्चेरी

कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	4
2.01 - 5.00	0
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0




केरल




कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	110
2.01 - 5.00	10
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0

कर्नाटक

कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	3
2.01 - 5.00	0
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0




गोवा



कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	0
2.01 - 5.00	2
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	1
40.00 से अधिक	0


महाराष्ट्र

कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	6
2.01 - 5.00	0
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0




गुजरात

कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	5
2.01 - 5.00	166
5.01 - 10.00	6
10.01 - 40.00	1
40.00 से अधिक	1



अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह



कुल क्षेत्र (हैक्टेयर में)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	2
2.01 - 5.00	0
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0

3. एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन

एल. वेन्नामई की शुरूआत करने के लिए हैचरियों और फार्मों के विनियमन हेतु, कृषि मंत्रालय द्वारा स.का.नि. संख्या 302(ई) दिनांक 30.4.2009 के तहत अधिसूचित दिशानिर्देशों के अनुसार, तटीय जलकृषि प्राधिकरण को एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टाक के आयात और बिक्री के लिए पोस्ट लार्भी (पीएल) के उत्पादन के लिए हैचरियों को अनुमति प्रदान करने का कार्य सौंपा गया है। तदनुसार, सीएए ने एनएफडीबी, सीबा और एम्पेडा के परामर्श से विश्वव्यापी रूप से विज्ञापन के जरिए एसपीएफ एल. वेन्नामई के नौ ब्रूडस्टाक आपूर्तिकर्ताओं की पहचान की है, जिनसे वर्ष के दौरान हैचरी मालिक ब्रूडस्टाक का आयात कर सकते हैं।

(i) एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टाक आपूर्तिकर्ताओं का चयन

- सीएए ने सीआईबीए, एनएफडीबी और एम्पेडा के परामर्श से संभावित आपूर्तिकर्ताओं के साथ गहन विचार–विमर्श करके अनुवांशिक और रोग की स्थिति के आधार पर एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक की आपूर्तिकर्ताओं की सूची बनाने और चयन का कार्य पूरा कर लिया। एसपीएफ एल.

वेन्नामई ब्रूडस्टॉक की आपूर्ति के लिए दो अन्य आपूर्तिकर्ताओं को चयन सूची में रखा गया और चयन किया गया। 2011–12 के लिए निम्नलिखित 9 आपूर्तिकर्ताओं को चयन सूची में रखा गया है:–

1. मै. ओसैनिक इंस्टीच्यूट, हवाई
2. मै. कोना बे मैरिन रिसोर्सेज, हवाई
3. मै. श्रिम्प इंप्रूवमेंट सिस्टम, फ्लोरिडा
4. मै. साइक्वा, थाईलैंड
5. मै. वेन्नामई 101 कं. लि. (के साथ संयुक्त उद्यम), थाईलैंड
6. मै. चेरियन पोकफंड फूड्स पब्लिक कं. लि., थाईलैंड
7. मै. श्रिम्प इंप्रूवमेंट सिस्टम प्रा. लि. सिंगापुर
8. मै. श्रिम्प इंप्रूवमेंट सिस्टम प्रा. लि. हवाई
9. मै. हाई हैल्थ अक्वाकल्चर इंक, हवाई


(ii) ब्रूडस्टॉक के आयात पर तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठकें

- फरवरी, 2012 को हैचरी ऑपरेटर, जिन्हें एसपीएफ एल. वेन्नामई की आयात करने की अनुमति दी गई है, के साथ तकनीकी मूल्यांकन समिति ने दो बैठकों की एवं ब्रूडस्टॉक के आयात से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।


(iii) वर्ष 2011–12 में एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक का आयात और बीज उत्पादन

- हैचरियों को अनुमति प्रदान करने के लिए गठित समिति की सिफारिशों के अनुसार, अनुमत्य मात्रा में ब्रूडस्टॉक का आयात और एसपीएफ एल. वेन्नामई बीज उत्पादन करने के लिए वर्ष 2011–12 के लिए 24 हैचरियों को अनुमति का नवीकरण पत्र जारी किए गए हैं । नवीकृत परमिट 31.3.2012 तक मान्य है।
- एसपीएफ ब्रूडस्टॉक के आयात और एसपीएफ एल. वेन्नामई के बीज उत्पादन के लिए हैचरी मालिकों से नए सिरे से आवेदन आमंत्रित करते हुए प्रमुख समाचार पत्रों और सीएए वेबसाइट में दिनांक 11.1.2011 को एक विज्ञापन जारी किया गया था।
- हैचरी संचालकों से कुल 92 आवेदन प्राप्त हुए थे; आवेदनों की संवीक्षा करने के बाद, सीएए द्वारा गठित एक निरीक्षण समिति ने, हैचरियों की जैव सुरक्षा तथा अन्य सुविधाओं का मूल्यांकन करने और उनकी उपयुक्तता का पता लगाने के लिए उनका निरीक्षण किया। निरीक्षण समिति की सिफारिशों के आधार पर, 50 हैचरियों (आंध्र प्रदेश में 38, तमिलनाडु में 9, कर्नाटक में 1, उड़ीसा में 1 और गुजरात में 1) को 2011–12 के दौरान ब्रूडस्टाक के आयात और एसपीएफ एल. वेन्नामई के बीज उत्पादन के लिए प्राधिकरण द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया, जो 31.3.2012 तक मान्य है। यह वर्ष के दौरान नवीनीकृत किए गए 24 परमिट के अतिरिक्त है। एल. वेन्नामई हैचरियों का राज्यानुसार

वितरण चित्र 16 में और अनुमति प्रदान किए गए हैचरियों का विवरण चित्र–17 में दिया गया है।



चित्र 16 एल. वेन्नामई हैचरियों का राज्यानुसार वितरण



चित्र 17 अनुमति प्राप्त एल. वेन्नामई हैचरियों का वितरण





हैचरियों का निरीक्षण

- इस अवधि के दौरान अनुमति प्रदान किए गए ब्रूडस्टाक की कुल संख्या 48,720 जोड़े थे। परन्तु संगरोध सुविधा में सीमित स्थान मौजूद होने के कारण हैचरियों द्वारा मात्र 18,980 जोड़े आयात किए गए और 2,465.06 मिलियन बीज (पोस्ट लार्भा) का उत्पादन किया गया। हैचरियों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट से नौप्लनी से पोस्ट लार्भी में बचने का दर अनुमानित रूप से 34.28 प्रतिशत पाया गया है।




एल. वेन्नामई हैचरी



एल. वेन्नामई बीज उत्पादन

- कार्यक्रम के आरंभ होने से (जुलाई, 2009 से मार्च, 2012) तीन वर्षों की अवधि में, निरीक्षण दल ने 169 हैचरियों में जैव सुरक्षा सुविधाओं का निरीक्षण किया, जिसमें से 5,608 मिलियन एसपीएफ बीजों की उत्पादन संभावना के साथ 74 को सीएए द्वारा अनुमोदित किया गया है। अनुमोदित फार्मों ने जुलाई, 2009 से मार्च, 2012 तक 4,409.34 मिलियन एसपीएफ एल. वेन्नामई बीजों का उत्पादन करके पंजीकृत फार्मों को आपूर्ति की (चित्र 18)।



चित्र 18 एसपीएफ एल. वेन्नामई बीजों का उत्पादन

(iv) एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए झींगा फार्मों को अनुमति

सीएए ने एसपीएफ एल. वेन्नामई के पालन के लिए अनुमति प्रदान करने के लिए फार्मों के निरीक्षण के लिए एक निरीक्षण दल गठित किया। निरीक्षण के दौरान एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए सत्यापित की गई जैव सुरक्षा आवश्यकताएं इस प्रकार हैं :

i. फार्मों की घेराबंदी;
ii. क्रेब फेन्सिंग
iii. जलाशयों के माध्यम से जल उपभोग;
iv. पक्षी डरावा/पक्षी सुरक्षा जाल लगाना;
v. सक्षम उपचार तंत्र (ईटीएस)



फार्म निरीक्षण



फार्मों की घेराबंदी



फार्म लाइनिंग



क्रेब फेन्सिंग





पक्षि जाल



जलाशय



ईटीएस

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, प्राधिकरण ने 2,176.84 हैक्टेयर कुल क्षेत्र (1,504.88 हैक्टेयर डब्ल्यू एस ए) वाले 193 एल. वन्नामई फार्मों पर विचार करते हुए उन्हें अनुमोदन प्रदान किया है, इनका राज्य–वार ब्यौरा सारणी 4 में दिया गया है और उनका प्रतिशत वितरण चित्र 19 में दिया गया है ।


सारणी 4: अप्रैल 2011 से मार्च 2012 के दौरान अनुमति प्रदान किए गए एसपीएफ एल. वेन्नामई का राज्यवार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य का नाम	फार्मों की संख्या	टीएफए(है.)	डब्ल्यूएसए (है.)
1	आंध्र प्रदेश	129	1619.80	1118.89
2	तमिल नाडु	41	276.89	213.78
3	गुजरात	18	172.50	128.56
4	महाराष्ट्र	3	89.64	31.00
5	कर्नाटक	1	0.94	0.80
6	पांडिचेरी	1	17.07	11.85
	कुल	**193**	**2,176.84**	**1,504.88**


निरीक्षण समिति की सिफारिशों के आधार पर और सदस्य सचिव, सीएए द्वारा और आगे विचार करने पर प्रस्ताव को विचार करने के लिए प्राधिकरण के समक्ष रखा गया था। मार्च, 2012 तक सीएए के अनुमोदन के अनुसार, 468 झींगा फार्मों को अनुमति पत्र (एलओपी) जारी किया गया जिसका विवरण तालिका 5 में दिया गया है और उनका प्रतिशत वितरण चित्र 20 में दिया गया है ।।

सारणी 5 : दिसम्बर 2005–मार्च 2012 तक अनुमति प्रदान किए गए एसपीएफ एल. वेन्नामई फार्मों का राज्यवार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य का नाम	फार्मों की संख्या	टीएफए(है.)	डब्ल्यूएसए (है.)
1	आंध्र प्रदेश	321	4,062.13	2,767.58
2	तमिल नाडु	79	691.24	472.60
3	गुजरात	28	443.50	303.55
4	महाराष्ट्र	16	514.11	291.12
5	कर्नाटक	17	47.98	38.18
6	उड़ीसा	5	140.08	83.78
7	गोवा	1	5.60	2.80
8	पांडिचेरी	1	17.07	11.85
	कुल	**468**	**5,921.71**	**3,971.46**




चित्र 19 वर्ष 2011–2012 के दौरान सीएए द्वारा अनुमोदित एल. वेन्नामई फार्मों का प्रतिशत वितरण




चित्र 20 दिसम्बर 2005 से मार्च 2012 तक सीएए द्वारा अनुमोदित एल. वेन्नामई फार्मों का प्रतिशत वितरण


मार्च, 2012 तक तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा 5922 हैक्टेयर कुल क्षेत्र में फैले हुए (3971.46 हैक्टेयर डब्ल्यू एस ए) 468 फार्मों को अनुमति प्रदान की गई (चित्र 21), जिनका जिलावार विवरण चित्र 22 में दिया गया है। अनुमत एसपीएफ एल. वेन्नामई झींगा फार्मों का ब्यौरा समय–समय पर प्राधिकरण की वेबसाइट पर अद्यतन किया जाता है।



चित्र 21 अनुमत्य एसपीएफ एल. वेन्नामई फार्म क्षेत्र



चित्र 22 अप्रैल 2009 से मार्च 2012 के दौरान एसपीएफ एल. वेन्नामई फार्मों का राज्यानुसार वृद्धि



चित्र 23 एसपीएफ एल. वेन्नामई फार्मों का जिलावार विवरण

v. एल. वेन्नामई पालन का राज्यवार कार्यनिष्पादन

आंध्र प्रदेश

आंध्र प्रदेश राज्य ने कुल 4,062.03 हैक्टेयर पालन क्षेत्र और 2,767.58 हैक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र सहित एल. वेन्नामई पंजीकरण की सर्वाधिक संख्या (321) दर्ज की है। तिमाही रिपोर्ट के जरिए कृषकों द्वारा दिए गए आंकड़े के आधार पर एल. वेन्नामई पालन का कार्य निष्पादन संश्लेषण अगले पृष्ठ में दिया गया है:

संख्या	कार्यनिष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	बचने का दर (%)	69 – 92	78.4
2	औसत शरीर का भार (ग्राम)	16 – 41	26.4
3	उपज (मी.टन/है.)	2.7 – 17.39	---
4	एफसीआर	1 – 2	1.44

तमिल नाडु

तमिल नाडु में एल. वेन्नामई पालन 472.6 हैक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र में (691.24 है. कुल फार्म क्षेत्र) सीएए के पास पंजीकृत 79 फार्मों में किए जाते हैं। एल. वेन्नामई पंजीकरण में यह राज्य दूसरे स्थान पर है। इस राज्य में एल. वेन्नामई पालन का कार्यनिष्पादन नीचे दिया गया है:

संख्या	कार्यनिष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	बचने का दर (%)	42-94	81.9
2	औसत शरीर का भार (ग्राम)	17-34	26.5
3	उपज (मी.टन/है.)	3.4-17	---
4	एफसीआर	1.18-2.25	1.49

गुजरात

गुजरात में एल. वेन्नामई पालन के लिए 443.5 है. कुल पालन क्षेत्र (303.55 है. जल प्रभावित क्षेत्र) के साथ पंजीकृत फार्मों की संख्या 28 है। हालांकि अनुमत्य क्षेत्र के आधार पर यह राज्य तीसरे स्थान पर है, पर अन्य राज्यों की परिणामों की तुलना में इस राज्य में एल. वेन्नामई पालन का कार्यनिष्पादन उत्कृष्ट है। कृषकों द्वारा प्रस्तुत तिमाही रिपोर्ट के आधार पर किया गया विश्लेषण नीचे प्रस्तुत है:

संख्या	कार्यनिष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	बचने का दर (%)	69-97	86.2
2	औसत शरीर का भार (ग्राम)	20-39	30.7
3	उपज (मी.टन/है.)	4.3-15.3	---
4	एफसीआर	1.3-1.7	1.48

महाराष्ट्र

पालन के अंतर्गत क्षेत्र के आधार पर, महाराष्ट्र 514.00 है. कुल पालन क्षेत्र (291.12 है. जल प्रभावित क्षेत्र) के साथ चौथे स्थान पर है। इस राज्य में पंजीकृत फार्मों की संख्या 16 है। इस राज्य में एल. वेन्नामई पालन का कार्यनिष्पादन नीचे दिया गया है:

संख्या	कार्यनिष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	बचने का दर (%)	40-93	69.5
2	औसत शरीर का भार (ग्राम)	10-25	18.6
3	उपज (मी.टन/है.)	2.7-12.3	—
4	एफसीआर	1.26-2.2	1.63

कर्नाटक

इस राज्य में 47.98 है. कुल पालन क्षेत्र (38.18 है. जल प्रभावित क्षेत्र) के साथ पंजीकृत फार्मों की संख्या 17 है। इस राज्य में सभी पंजीकृत किसान छोटे किसान हैं जिनके पास 4.05 है. से कम जल प्रभावित क्षेत्र है। इस राज्य में एल. वेन्नामई पालन का कार्यनिष्पादन नीचे प्रस्तुत है:

संख्या	कार्यनिष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	बचने का दर (%)	52-95	81.4
2	औसत शरीर का भार (ग्राम)	20-38	27.8
3	उपज (मी.टन/है.)	2.2-14.15	—
4	एफसीआर	1.12-1.37	1.35


उड़ीसा

उड़ीसा राज्य में 140.08 है. कुल पालन क्षेत्र (83.78 है. जल प्रभावित क्षेत्र) के साथ एल. वेन्नामई पालन के लिए पंजीकृत फार्मों की संख्या 5 है। एल. वेन्नामई पालन के लिए पंजीकृत सभी फार्म बड़े फार्म हैं जिनके पास 8.00 है. से अधिक जल प्रभावित क्षेत्र है। इस राज्य में एल. वेन्नामई पालन का कार्यनिष्पादन नीचे दिया गया है:

संख्या	कार्यनिष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	बचने का दर (%)	51-98	67.0
2	औसत शरीर का भार (ग्राम)	16-25	18.5
3	उपज (मी.टन/है.)	2.67-7.4	—
4	एफसीआर	1.03-3.2	1.85

(vi) एसपीएफ एल. वेन्नामई का उत्पादन

वर्ष 2011–12 के दौरान, सीएए ने कुल 193 फार्मों को 3971.46 हेक्टेयर डब्ल्युएसए क्षेत्र में 31.03.2012 तक एसपीएफ एल. वेन्नामई के कल्चर की अनुमति प्रदान की । 2011–12 के दौरान इन फार्मों में 80,711 मी.टन एल. वेन्नामई की पैदावार हुई है (चित्र 24)। इनके जीवित रहने की दर 67 से 86.2 प्रतिशत के बीच है और कल्चर की अवधि 33 दिन से लेकर 207 दिन तक होती है। शरीर का औसत भार 18.5–30.2 ग्राम तक होता है और खाद्य परिवर्तन अनुपात 1.35 से 1.85 के बीच रहा। प्रति हैक्टेयर उपज 2.2 से 17.39 मी. टन के बीच रही।



चित्र 24 2009–10 से 2011–12 के दौरान एल. वेन्नामई के उत्पादन में वृद्धि



एरेशन




निगरानी चैक ट्रे





मुख्य द्वार एवं निकासी में फिल्टर बैग बंधे हुए


पी. मोनोडान और एल. वेन्नामई के उत्पादन में तुलना करने पर यह देखा गया था कि :



चित्र 25 एल. वेन्नामई एवं पी. मोनोडान के उत्पादन में वृद्धि


जबकि पी. मोनोडान की अनुमानित उत्पादन में 2008–09 के दौरान 0.76 लाख टन से चार वर्षों की अवधि में 2011–12 के दौरान 1.36 लाख टन की वृद्धि हुई है, एल. वेन्नामई के उत्पादन में 2009–10 में 1,731 मी. टन से 2011–12 के दौरान 80,717 मी. टन की वृद्धि हुई है जो तीन वर्षों की अवधि में असाधारण वृद्धि दर्शाती है (चित्र 25)।

- 2011–12 में लगभग 2.16 लाख टन (अनन्तिम) कुल झींगा उत्पादन में एल. वेन्नामई का अंशदान 37.28 प्रतिशत है।
- एल. वेन्नामई फार्मों की उत्पादकता में 2009–10 के दौरान 3.0 मी. टन प्रति है. प्रतिवर्ष से 2011–12 के दौरान 10.30 मी. टन प्रति हैक्टेयर प्रतिवर्ष की असाधारण वृद्धि हुई है, जबकि पी. मोनोडान की उत्पादकता में मात्र 0.70 से 1.19 मी. टन प्रति है. प्रतिवर्ष की आंशिक वृद्धि हुई है (चित्र 26)। एल. वेन्नामई फार्मों की उत्पादकता में वृद्धि से झींगा फार्मों की कुल उत्पादकता को प्रभावित करते हुए 2008–09 के दौरान 0.7 मी. टन प्रति है. प्रतिवर्ष से 2011–12 के दौरान 5.7 मी. टन प्रति है. प्रतिवर्ष की व्यापक वृद्धि हुई है।



चित्र 26 एल. वेन्नामई फार्म व पी.मोनोडान में उत्पादकता वृद्धि

- जैव सुरक्षित पालन सुविधाओं को सुनिश्चित करने से 1.04 मी. टन प्रति है. प्रतिवर्ष पी. मोनोडान की तुलना में एल. वेन्नामई फार्मों की औसतन उत्पादन 7.5 मी. टन प्रति है. प्रतिवर्ष हो गई है। कुल उत्पादन में 2009–10 में 1,731 मी. टन से 2010–11 में 18,247 मी. टन और 2011–12 के दौरान 80,717 मी. टन की वृद्धि हुई है (चित्र 27)।




चित्र 27 भारत में एल. वेन्नामई फार्मों की वृद्धि

- खाद्य परिवर्तन अनुपात पी. मोनोडान (160–175 दिनों की पालन अवधि में) में 1.6:1 की तुलना में एल. वेन्नामई में 1.4:1 था (120–130 दिनों की पालन अवधि में)।

समूह पालन प्रणाली का प्रयोग करते हुए एल. वेन्नामई पालन

